VIDYANTA

International Nursing Association for Clinical Simulation and Learning - RIG-INDIA - INACSL

GOVERNMENT COLLEGE OF NURSING, DURG CHHATTISGARH Estd.2014

**In collaboration with**
**Government College of Nursing, Durg (CG)**

# Two Day Workshop by INACSL-RIG

**(International Nursing Association for Clinical Simulation & Learning - India RIG)**

*For*

# Nursing Academicians

**(for Nursing College Faculties, Clinical Nurses & M.Sc. Students @ Chattisgarh)**

## "Essentials of Simulation"

- Simulation-Based Training
- Scenario-Based Learning
- Simulation-Based Assessment

&

**OSCE in Nursing Education**



INC APPROVED
5 CNE HOURS
1 CNE CREDITS
CREDITS

WHO WHAT WHERE WHEN WHY HOW

**at CA Bhawan,**
Near Andhra Bank,
Civic Centre Area, Bhilai (CG) 490006
**on 10 & 11 July 2026**

**REGISTRATION FEE**
**Rs. 500/-**

**Meet Global Simulation Experts from INACSL India RIG.**

FOR PAYMENT



FOR REGISTRATION

CONTACT US
- 990 7430 455
- 920 513 7767
- 730 3524 888


VIDYANTA
GOVERNMENT
COLLEGE OF NURSING, DURG
Welcome you
Your Partner in Clinical Mastery
and Nursing Excellence
Download the SiMPOiNT app to address the critical gaps and needs in clinical learning, empowering nursing students and healthcare professionals with practical skills, concept clarity, and real-world clinical knowledge to excel in today's healthcare environment.
Key Features of SiMPOiNT
1 Comprehensive Clinical Learning Modules
2 Complete Your Mandatory & Elective Modules
3 Concept Clarity & Cheat Sheets
4 Interactive Learning Activities
5 Networking & Collaboration
6 Career Connect: Connect Nursing Students with Employers


GOVERNMENT COLLEG
NURSING
DURG CHHATT
RH
YANTA
Collaboration with
Work Sh
GOVERNMENT
COLLEGE OF NURSING, DURG
Two Days Works




ICAI Bhilai Branch (CIRC)
Managing Committee Gallery


ICAI Bhilai Branch (CIRC)
Chairmen's Legacy
(2001-2025)

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
11072026 Ispat Bhoomi - 11 Jul 2026 - Page 6

**शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग की दो दिवसीय कार्यशाला शुरू, आज होगा समापन**

# नर्सिंग पेशे में अब और बेहतर ढंग से पढ़ाई संभव

# सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण की जरूरत पर दिया बल

भिलाई। शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग की दो दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को सीए भवन सिविक सेंटर में शुरू हुई। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा थे। सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण पर केंद्रित इस कार्यशाला में अंचल की विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों से फैकल्टी व स्टूडेंट ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विद्यांता ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट ने नर्सिंग कॉलेज दुर्ग के सहयोग से इंटरनेशनल नर्सिंग एसोसिएशन फॉर क्लिनिकल सिमुलेशन फॉर लर्निंग-इंडिया आरआईजी की यह दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की है। उद्घाटन सत्र में स्वागत भाषण देते शासकीय नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रीमा राजेश ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की और वर्तमान समय में सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण की जरूरत पर बल दिया।



## कार्यशाला नर्सिंग स्टूडेंट साथ-सात फैकल्टीज के लिए उपयोगी

मुख्य अतिथि विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने अपने उद्बोधन में कार्यशाला के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कार्यशाला न सिर्फ नर्सिंग स्टूडेंट बल्कि फैकल्टीज के लिए भी उपलब्धियों से भरी होगी। विधायक कोर्सेवाड़ा ने दोहराया कि शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय दुर्ग के भवन निर्माण के लिए वह पूरी तरह तत्पर हैं। उन्होंने आवश्यक कार्रवाई के साथ जरूरी सुविधाएं भी प्रदान करने का आश्वासन दिया। विशेष अतिथि शासकीय चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय की डीन डॉक्टर तृप्ति नगारिया ने वर्तमान समय में सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण की जरूरत पर बल देते हुए उम्मीद जताई कि यह कार्यशाला नर्सिंग कॉलेजों की फैकल्टी, क्लीनिकल नर्स और एमएससी स्टूडेंट के लिए लाभकारी होगी। उद्घाटन सत्र का संचालन सहायक प्राध्यापक एस. इंदु ने और आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक डॉक्टर भावना चक्रवर्ती ने किया।



## सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण अनिवार्य क्योंकि अनमोल है हर एक जान

विद्यांता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट गुड़गांव के मुख्य परिचालन अधिकारी सीईओ जयदीप हरबर्ट ने बताया कि जुलाई 2011 में नर्सिंग के पेशे में सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण की शुरूआत की गई थी। जिससे नर्स और डॉक्टर की कार्यक्षमता में बेहतर ढंग से वृद्धि की जा सके और उन्हें प्रतिस्पर्धी बना सके। उन्होंने बताया कि आज तक करीब 35 हजार नर्सेस और 4 हजार से ज्यादा डॉक्टर और 40 हजार से ज्यादा स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित कर चुके हैं। पूरे देश में मेडिकल प्रोफेशनल के लिए 12 लैब बनी हुई है। उन्होंने बताया कि उनका संस्थान अपनी तरह का देश का पहला लर्निंग सेंटर है और भारत में सिर्फ यही एक ही मान्यता प्राप्त संस्थान है।

## कार्यशाला का समापन आज

इस कार्यशाला का समापन समारोह शनिवार दोपहर 2 से आयोजित किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि पीजी कॉलेज आफ नर्सिंग भिलाई की प्राचार्य डॉक्टर रोजा प्रिंसी होगी। वहीं विशिष्ट अतिथि श्रेया कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉक्टर अभिषेक जेकब होंगे।

## क्या है सिमुलेशन प्रक्रिया

जयदीप ने बताया कि सिमुलेशन एक ऐसी प्रक्रिया या तकनीक है जिसमें किसी वास्तविक दुनिया की स्थिति, मशीन या प्रक्रिया का एक कृत्रिम (आभासी) मॉडल बनाया जाता है। जिससे व्यवहारिक तौर पर ज्ञान हासिल किया जा सके। नर्सिंग के पेशे में इस तकनीक के माध्यम से मरीज से जुड़ा परिवेश कृत्रिम तौर पर निर्मित किया जाता है, जिसमें स्टूडेंट को मरीज की जगह डमी पुतला दिया जाता है। इससे नर्सिंग पेशे में वर्तमान में और बेहतर ढंग से पढ़ाई संभव हो पाती है। जयदीप ने बताया इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण को बहुत ज्यादा महत्व दिया है और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने इसे सभी नर्सिंग कॉलेजों के लिए अनिवार्य कर दिया है। अब हर कॉलेज में सिमुलेशन'लैब होना जरूरी है, जिससे स्टूडेंट वहां सीखे और गलती होने पर भी किसी तरह का नुकसान न हो। क्योंकि हर एक जान अनमोल है।

पत्रिका

# कार्यशाला में सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण की जरूरत पर दिया जोर

## शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग में आयोजन

**भिलाई @ पत्रिका.** शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग की दो दिवसीय कार्यशाला सीए भवन सिविक सेंटर में शुरु हुई। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा थे। 'सिमुलेशन' आधारित प्रशिक्षण पर केंद्रित कार्यशाला में विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों से फैकल्टी व स्टूडेंट ने भाग लिया। इसमें प्रिंसिपल डॉ. रीमा राजेश ने वर्तमान समय में 'सिमुलेशन' आधारित प्रशिक्षण की जरूरत पर बल दिया। साथ ही कॉलेज की जरूरतों की ओर मुख्य अतिथि का ध्यान आकर्षित कराया।

मुख्य अतिथि विधायक कोर्सेवाड़ा ने उम्मीद जताई कि यह कार्यशाला न सिर्फ नर्सिंग स्टूडेंट बल्कि फैकल्टीज के लिए भी



उपलब्धियों से भरी होगी। मिहाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए वह पूरी तरह तत्पर हैं। विशेष अतिथि शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कॉलेज की डीन डॉ. तृप्ति नगारिया ने इसे नर्सिंग कॉलेजों की फैकल्टी, क्लीनिकल नर्स और एमएससी स्टूडेंट के लिए लाभकारी होगी। उद्घाटन सत्र का संचालन सहायक प्राध्यापक एस इंदु और आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक डॉ. भावना चक्रवर्ती ने किया।

TheHitavada
Raipur City Line | 2026-07-13 | Page- 2
ehitavada.com

# Workshop on 'Simulation'- Based Training ends at Government Nursing College Durg



Guests present at the Simulation based training workshop.

**■ Staff Reporter**
DURG, July 12

THE two-day workshop organised by Government Nursing College, Durg, concluded at CA Bhavan, Civic Center. Over the course of two days, the event featured lectures and demonstrations on 'Simulation'-based training, with significant participation from nursing faculty and students.

It is noteworthy that the Vidyanta Group of Institutes, in collaboration with the Nursing College, Durg, organised this two-day workshop under the aegis of the International Nursing Association for Clinical Simulation and Learning (INACSL) – India RIG.

The workshop's concluding session was held on Saturday afternoon. Following the welcome of guests, Dr Reima Rajesh, Principal of Government Nursing College, delivered the welcome address, providing detailed information about the two-day event and expressing hope that the 'simulation'-based training would offer valuable learning opportunities for both faculty and students.

The chief guest at the closing ceremony was Rikesh Sen, MLA from Vaishali Nagar.

Meanwhile, special guests Dr Rosa Princy (Principal, PG College of Nursing, Bhilai) and Dr Abhishek Jacob (Principal, Shreya College of Nursing) described the workshop as a successful initiative in their respective addresses, expressing hope that nurses would derive long-term benefits from the training received.

During the event, Sania, an expert in 'simulation'-based training, was honored with a shawl and a coconut.

The concluding session was conducted by Assistant Professor S Indu. Finally, Senior Assistant Professor Dr Vandana Chauhan proposed a vote of thanks.

Powered by Bharati Web

# सेवा भावना से परिपूर्ण है नर्सिंग का पेशा : रिकेश



अमृत संदेश । भिलाई

शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन सीए भवन सिविक सेंटर में शनिवार की शाम हुआ। यहां दो दिन तक 'सिमुलेशन'आधारित प्रशिक्षण पर व्याख्यान और डेमो (प्रदर्शन) हुए। जिसमें नर्सिंग फैकल्टी और स्टूडेंट ने बड़ी तादाद में भागीदारी दी।

उल्लेखनीय है कि विद्यांता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ने नर्सिंग कॉलेज दुर्ग के सहयोग से इंटरनेशनल नर्सिंग एसोसिएशन फॉर क्लिनिकल सिमुलेशन फॉर लर्निंग-इंडिया आरआईजी की यह दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की थी।

कार्यशाला का समापन सत्र शनिवार को दोपहर बाद आयोजित किया गया। इस दौरान अतिथियों के स्वागत उपरांत अपना स्वागत भाषण देते शासकीय नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रीमा राजेश ने दो दिवसीय आयोजन की विस्तार से जानकारी दी और उम्मीद जताई कि यहां 'सिमुलेशन'आधारित प्रशिक्षण से नर्सिंग फैकल्टी और स्टूडेंट को बहुत कुछ सीखने मिलेगा।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन का आत्मीय स्वागत शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग परिवार की ओर से किया गया। इस दौरान अपने उद्बोधन में विधायक रिकेश सेन ने नर्सिंग के पेशे के महत्व पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि समाज में व्यक्ति जिन पर सबसे ज्यादा भरोसा करता है उनमें नर्स सर्वोपरि है क्योंकि यह पेशा पूरी तरह सेवा भावना पर आधारित है। इस दौरान उन्होंने 'सिमुलेशन'आधारित प्रशिक्षण की जानकारी ली तथा डेमो भी देखा। उल्लेखनीय है कि कि 'सिमुलेशन' एक ऐसी प्रक्रिया या तकनीक है जिसमें किसी वास्तविक दुनिया की स्थिति, मशीन या प्रक्रिया का एक कृत्रिम (आभासी) मॉडल बनाया जाता है। जिससे व्यवहारिक तौर पर ज्ञान हासिल किया जा सके। नर्सिंग के पेशे में इस तकनीक के माध्यम से मरीज से जुड़ा परिवेश कृत्रिम तौर पर निर्मित किया जाता है, जिसमें स्टूडेंट को मरीज की जगह डमी (पुतला) दिया जाता है। इससे नर्सिंग पेशे में वर्तमान में और बेहतर ढंग से पढ़ाई संभव हो पाती है।

विधायक रिकेश सेन ने उम्मीद जताई कि इस तकनीक का इस्तेमाल नर्सिंग स्टूडेंट बेहतर ढंग से कर पाएंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई की प्राचार्य डॉक्टर रोजा प्रिंसी और श्रेया कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉक्टर अभिषेक जेकब ने अपने उद्बोधन में समूची कार्यशाला को एक सफल पहल निरूपित करते हुए उम्मीद जताई कि यहां के प्रशिक्षण का लाभ नर्सेस को भविष्य में जरूर मिलेगा। आयोजन में 'सिमुलेशन'आधारित प्रशिक्षण की विशेषज्ञ सानिया का शॉल एवं श्रीफल के साथ सम्मान किया गया। समापन सत्र का संचालन सहायक प्राध्यापक एस. इंदु ने किया। अंत में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. वंदना चौहान ने आभार व्यक्त किया।